# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशभर में तेजी से बदल रहे डेमोग्राफी को बताया चिंताजनक, कहा– इससे चुनाव का नहीं रह जायेगा कोई मतलब।**
2. **केंद्र सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया, केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की।**
3. **विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीटों का बंटवारा तय, भाजपा 68 और आजसू को मिलेंगी 10 सीटें, बाकी सीटों पर जदयू और लोजपा उतारेगी अपने प्रत्याशी।**
4. **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बन्ना गुप्ता ने कहा– इंडी गठबंधन, घटक दलों के उम्मीदवारों के नाम जल्द करेगा सार्वजनिक, झामुमो की पहली सूची में 16 उम्मीवारों की चर्चा जोरों पर।**
5. **बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण 18 अक्टूबर तक रांची, रामगढ़, खूंटी समेत नौ जिलों में बारिश का अनुमान, 19 अक्टूबर से साफ होगा मौसम।**

***************

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झारखंड समेत देश के विभिन्न भागों में तेजी से बदल रहे डेमोग्राफी पर चिंता जतायी है। जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने डेमोग्राफी बदलाव की कोशिशों को परमाणु बम जैसा भयानक बताया। श्री धनखड़ ने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव होता रहा तो चुनाव का कोई मतलब नहीं रह जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे बदलाव से कई देश अपनी मूल पहचान खो चुके हैं।

***************

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025–26 के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेपसीड और सरसों की फसल में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में भी तीन प्रतिशत की वृद्धि भी की है।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने विधानसभा चुनाव को लेकर सभी जिलों के अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के चार एम– **'मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन और एमसीसी'** पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। वहीं राजनीतिक दलों के साथ बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश का अनुपालन करना आवश्यक है।

***************

इधर, श्री कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग ने प्रत्येक प्रत्याशी के लिए अधिकतम 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय की है। खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होगी जिसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से वेबसाईट पर सार्वजनिक किया जायेगा।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए ने सीट शेयरिंग का फार्मूला तय कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा 68 सीटों पर और आजसू 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बाकी सीटों पर जदयू और लोजपा अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिंमता विश्वा सरमा ने कहा कि सीटों का बंटवारा और उम्मीवारों के नाम की घोषणा जल्द की जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश उम्मीदवारों की सूची लगभग तैयार कर ली गयी है।

पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पार्टी ने प्रत्याशियों के नाम तय कर लिये हैं।

***************

इधर, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का फार्मूला लभगभ तय हो चुका है। बहुत जल्द इसे सार्वजनिक किया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि राज्य में एक बार फिर इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

वहीं झामुमो की पहली सूची में लगभग 16 प्रत्याशियों के नाम की चर्चा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट और कल्पना सोरेन मुर्मू गांडेय विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी।

***************

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कल रांची आएंगे। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से तेजस्वी मुलाकात करेंगे और चुनाव से संबंधित पहलुओं पर बातचीत करेंगे।

***************

लातेहार जिला पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र से छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से हथियार समेत कई अवैध चीजें बमराद की हैं। जिले के बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि ये उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

***************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, धनबाद, गुमला समेत राज्य के नौ जिलों में आज और कल गरज के साथ बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की वजह से मौसम बदला है। विभाग ने बताया कि 19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जायेगा। इसके साथ न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी।

***************

साहिबगंज जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से जिले के किसानों को लाभ मिलेगा। विस्तार से जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

**दैनिक भास्कर** ने सीटों के बंटवारे को लेकर खबर प्रकाशित की है– लिखा है– झारखं डमें अब सीटों पर माथपच्ची।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– झामुमो के संभावित 18 प्रत्याशियों के नाम सामने आये, झारखंड भाजपा की पहली सूची में 40 नामों की आज घोषणा संभव।

**प्रभात खबर** ने सीएम हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– **विपक्ष के** धन तंत्र और साजिश के खिलाफ लड़ना है।

दैनिक जागरण ने अजयनाथ शाहदेव के भाजपा में शामिल होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

**अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने जम्मू कश्मीर में उमर अुब्ल्ला के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

******समाप्त******